# महापौर ने किया वार्ड क्र. 58 में सामुदायिक मंच का लोकार्पण



कोरबा 17 नवम्बर 2019—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज सर्वमंगला जोनांतर्गत वार्ड क्र. 58 विकास नगर कुसमुण्डा में नवनिर्मित सामुदायिक मंच का लोकार्पण किया, उन्होने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण एवं फीता काटकर उक्त सामुदायिक मंच को आमजन की सेवा व उपयोग के लिए समर्पित किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सर्वमंगला जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 58 विकास नगर कुसमुण्डा में 04 लाख 12 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक मंच का निर्माण कराया गया है, आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त सामुदायिक मंच का लोकार्पण किया तथा आमजन की सेवा व उपयोग के लिए मंच को समर्पित किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ समय पूर्व यहां पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यहां के नागरिकों ने उक्त सामुदायिक मंच निर्माण की मांग रखी थी, उनकी इस मांग का सम्मान करते हुए सामुदायिक मंच निर्माण निगम द्वारा कराया गया है। उन्होने कहा कि मेरा महापौर का कार्यकाल अब समाप्ति की ओर है किन्तु मैं आप लोगों को विश्वास दिलाती हूॅ कि आपकी विकास संबंधी जो भी जरूरतें होंगी, उन्हें आगे भी अवश्य पूरा किया जएगा तथा आप लोगों के लिए मेरे घर के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे, आपके समक्ष कोई भी समस्याएं आएं, आप उन्हें जरूर बताएं, समस्याओं का निराकरण अवश्य होगा, उन्होने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत सदैव कोरबा क्षेत्र के विकास के लिए प्रयत्नशील रहे हैं, उनके मार्गदर्शन में आगे भी विकास के कार्य लगातार जारी रहेंगे।

लोकार्पण अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी, पूर्व पार्षद बसंत चन्द्रा, सारा बेगम, संजीव कुजुर, विश्वास टोप्पो, मनोरंजन लकड़ा, सुरेश तिर्की, अजयदास टोप्पो, ललिता लकड़ा, सुनील टोप्पो आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।